## एक नजर में

### जिले में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा

**रतलाम।** जिले में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला मुख्यालय पर मुख्य समारोह स्थानीय पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित होगा जहां जनजातीय कार्य,लोक परिसंपत्ति प्रबंधन एवं भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग मंत्री मध्य प्रदेश शासन डॉ. कुंवर विजय शाह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रह कर ध्वजारोहण करेंगे एवं परेड की सलामी लेंगे। कार्यक्रम में प्रात : 8 :58 बजे मुख्य अतिथि का आगमन होगा। प्रात : 9 बजे ध्वजारोहण होगा एवं इस अवसर पर ध्वजारोहण के साथ ही राष्ट्रगान होगा। मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण किया जाएगा। हर्ष फायर होगा, मार्च पास्ट होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का लाइव प्रसारण होगा। मुख्य अतिथि द्वारा बधाई संदेश का वाचन किया जाएगा। लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान किया जाएगा तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति होगी। देहदान, अंगदान करने वालों के परिजनों का सम्मान एवं पुरस्कार वितरण होगा।

### डिप्टी कलेक्टर आर्ची हरित को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभाग शहर का प्रभार

**रतलाम।** शासन द्वारा संयुक्त कलेक्टर अनिल भाना जिला रतलाम को भू-प्रबंधन अधिकारी जिला रतलाम के पद पर पदस्थ किये जाने पर कलेक्टर राजेश बाथम द्वारा अनिल भाना को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभाग-रतलाम (शहर) जिला रतलाम से भारमुक्त किया गया एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभाग-रतलाम (शहर) जिला रतलाम का प्रभार डिप्टी कलेक्टर सुश्री आर्ची हरित को आगामी आदेश तक सौंपा गया है ।

### जिनेंद्रमुनिजी मसा के सानिध्य में मासक्षमण की कठोर तपस्या पूर्ण करने पर बहुमान

**रतलाम।** आचार्य प्रवर पूज्य श्री उमेशमुनिजी म. सा. के सुशिष्य धर्मदास गणनायक प्रवर्तक पूज्य श्री जिनेंद्रमुनिजी म. सा. तथा मुनिमंडल एवं पुण्य पुंज साध्वी श्री पुण्यशीलाजी म. सा. व साध्वी मंडल के सानिध्य में गुरु समर्पण वर्षावास में त्याग - तपस्याओं का दौर चल रहा है। श्रावक - श्राविकाएं उत्साहपूर्वक समस्त आराधनाओं में बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं। यहां विभा मूणत, सुरभि चौरडिया व विनीता राठौर ने 31 - 31 उपवास एवं प्रियंका राठौर व प्रियंका चोरड़िया ने 30-30 उपवास की कठोर तपस्या पूर्ण की। डीपी परिसर पर आयोजित धर्मसभा में श्री धर्मदास जैन श्री संघ द्वारा तपस्वियों का बहुमान किया गया। प्रवर्तक श्री जिनेंद्रमुनिजी म. सा. ने तपस्वी व तपस्वी के परिवार को खूब खूब धन्यवाद दिया। श्री संघ की ओर से कई आराधकों ने विभिन्न तप की बोली लेकर तपस्वी का शॉल ओढ़ाकर माला पहनाकर बहुमान किया। इस अवसर पर पूरी धर्मसभा आचार्य श्री उमेशमुनिजी म. सा., प्रवर्तक श्री जिनेंद्रमुनिजी म. सा. व तपस्वियों के जयकारों से गुंजायमान हो गई। पश्चात गणनायक गौरव गाथा परिसर में श्रीसंघ की ओर से तपस्वियों को अभिनंदन पत्र भेंटकर बहुमान किया गया।

### महिला एवं बाल विकास परियोजना बाजना द्वारा तिरंगा रैली आयोजित



**रतलाम।** हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत आज 14 अगस्त को महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना बाजना अंतर्गत तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली में परियोजना की समस्त पर्यवेक्षक एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर राष्ट्र भक्ति और स्वच्छता का संदेश दिया।

### 'कृष्ण और बलराम युग सापेक्ष नायक हैं, प्रत्येक युवा को उनका अनुसरण करना चाहिए' : शोभना तिवारी

**रतलाम।** भारतीय ज्ञान परम्परा के मूल में कृष्ण हैं। जहां कहीं ज्ञान की बात आती है वहां कृष्ण, बलराम और गोपियों के स्मरण के बिना बात अधूरी रह जायेगी। बलराम जी को हलधर भी कहा जाता है। हमारा देश कृषि प्रधान है और भगवान हलधर को यदि सम्पूर्ण भारत वर्ष की पृष्ठभूमि में देखें तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। आज के समय मे युवाओं में कृष्ण का संदेश और बलराम की कर्मठता दोनों का समावेश करना होगा, तभी वे अपनी सोच को उन्नत कर पाएंगे । कृष्ण लोक संस्कृति और राजनीतिक संदर्भो में अनुसरणीय हैं, कृष्ण और बलराम के चरित्र का अनुसरण कर हमें आगे बढ़ना चाहिए। उक्त विचार शिवमंगल सिंह सुमन स्मृति शोध संस्थान की निदेशक डॉ शोभना तिवारी ने शा. कन्या महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत आयोजित बलराम जयंती और कृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में कहे। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री कृष्ण, बलदाऊ के चित्र पर माल्यापर्ण कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ मंगलेश्वरी जोशी ने कहा कि ऐसे उत्सव भारतीय ज्ञान परंपरा को जानने , समझने और संस्कृति को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, ऐसे आयोजन समय-समय पर होते रहने चाहिए। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए संगीत विभाग की छात्राओं प्रीतिबाला, दीया, तमन्ना, काजल ने कृष्ण भजन प्रस्तुत कर समां बांध दिया । इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य ने भी कृष्ण के अनेक नाम समाहित भजन छात्राओं को सुनाया और प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ स्नेहा पंडित ने किया एवं आभार साहित्यिक व सांस्कृतिक समिति की प्रभारी डॉ बी वर्षा ने माना। वहीं हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता : स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान के अंतर्गत गुरूवार को को शा. कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तिरंगा रंगों में रंगोली के माध्यम से देशभक्ति से जुड़ें प्रतीकों को बनाया गया। वहीं रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम - प्रगति देराश्री, द्वितीय - ईशिता राठौर, तृतीय - निशा आर्य और प्रोत्साहन - दिशा खरे रहीं।

### सातावेदनीय और असातावेदनीय के दो ही स्वभाव हैं : साध्वीश्री-

**जावरा ।** साता यह नाम सुख का है, उस सुख को जो वेदन कराता है अर्थात् भोग कराता है, वह सातावेदनीय कर्म है। असाता नाम दुख का है, उसे जो वेदन या अनुभवन कराता है उसे असाता वेदनीय कर्म कहते हैं। उपरोक्त वेदनीय कर्म बंधन की विवेचना करते हुए दिवाकर भवन पर धर्मसभा को संबोधित करते हुए परम विदुषी पूज्य महासती सरिताश्रीजी मसा, मधुर व्याख्यानी प्रियंकाश्रीजी मसा ने कहा कि सातावेदनीय और असातावेदनीय इस प्रकार वेदनीय के दो ही स्वभाव हैं, क्योंकि सुख व दुखरूप वेदनाओं से भिन्न अन्य कोई वेदना पायी नहीं जाती। बहुत प्रकार की जाति-विशिष्ट देव आदि गतियों में इष्ट सामग्री के सन्निधान की अपेक्षा प्राणियों के अनेक प्रकार के शारीरिक और मानसिक सुखों का जिसके उदय से अनुभव होता है। वह सातावेदनीय है और जिसके उदय से नाना प्रकार जातिरूप विशेषों से अवकीर्ण नरक आदि गतियों में बहुत प्रकार के कायिक, मानस, अतिदु :सह जन्म-जरा-मरण, प्रियवियोग, अप्रियसंयोग, व्याधि, वध और बंध आदि से जनित दु :ख का अनुभव होता है वह असातावेदनीय है। मनुष्य दया का त्याग कर तीव्र संक्लेश परिणामी होकर अन्य प्राणी को बाँधना, तोड़ना, पीटना, प्राण लेना, खाने के और पाने के पदार्थो से वंचित रखना ऐसे ही कार्य हमेशा करता है। ऐसे कार्य में ही अपने को सुखी मानकर जो नीच पुरुष ऐसे ही कार्य हमेशा करता है, ऐसे कार्य करते समय जिनके मन में पश्चात्ताप होता नहीं, उसी को निरंतर असातावेदनीय कर्म का बंध होता है।



# कांग्रेस का विरोध : विजय शाह वापस जाओ के नारों से गूंजा कलेक्ट्रेट

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** जो सेना का अपमान करेगा वह झंडा वंदन नहीं करेगा , विजय शाह वापस जाओ आदि नारों से कलेक्टर कार्यालय को गूंजायमान कर कांग्रेस ने रतलाम जिले के प्रभारी मंत्री विजय शाह द्वारा 15 अगस्त पर झंडा वंदन के निर्णय पर जमकर प्रदर्शन किया ।

**एडीएम डॉक्टर शालिनी श्रीवास्तव को दिया ज्ञापन**

कांग्रेस के शहर और ग्रामीण के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने रैली बनाकर आए । हाथ में तिरंगा झंडा और हाथ पर काली पट्टी बांधकर कांग्रेस कार्यकर्ता विजय शाह द्वारा 15 अगस्त को किए जाने वाले झंडा वंदन का विरोध कर रहे थे ।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए शहर अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने कहा कि विजय शाह का झंडा वंदन भारतीय सेना का नहीं महिला सेनानियों का ही नहीं, अपितु पूरे देश का अपमान है । पूर्व विधायक पारस सकलेचा ने कहा कि भाजपा को विजय शाह को मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर देना चाहिए, उसकी जगह झंडा वंदन का इनाम देकर रतलाम की जनता का अपमान किया जा रहा है । कार्यकारी जिला अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने अपने उद्बोधन में इस निर्णय को शर्मनाक बताया की स्वतंत्रता दिवस का झंडा वह व्यक्ति फहराये, जिस पर सेना के अपमान को लेकर सुप्रीम कोर्ट गंभीर टिप्पणी कर चुकी हो ।



**इन्होंने किया प्रदर्शन**

इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, नेता प्रतिपक्ष शांतिलाल वर्मा, प्रत्याशी पारस दादा, यासमीन शैरानी, राजीव रावत, पार्षद आशा रावत, कविता महावर, नासिर कुरेशी, फकरुद्दीन मंसूरी, उपनेता कमरुद्दीन कछवाय, मयंक जाट, महिला कांग्रेस कुसुम चाहर, रश्मि सिंह, कार्यवाहक अध्यक्ष फैयाज मंसूरी, शैलेंद्र सिंह अठाना, प्रवक्ता जोएब आरिफ, सुजीत उपाध्याय, मंसूर अली पटौदी, रजनीकांत व्यास, सैयद वुसत, बसंत पंड्या, के एल गोसर, राजेश प्रजापत, सोनू व्यास, प्रदीप राठौर, भारत सेन, अमर सिंह शेखावत, राजनाथ यादव, धर्मेंद्र शर्मा, अनिल नांदेचा, हिना शेख, राधा प्रजापत, शांति गवली, आरिफा कछवाय, रामचंद्र धाकड़, किशन सिंगार, थावर भूरिया, लक्ष्मण डिंडोर, इक्का बेलूत, इकरार चौधरी, यूसुफ शाह, शाकिर खान, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

शहर और ग्रामीण कार्यकर्ताओं ने विजय शाह के खिलाफ जमकर आधे घंटे तक नारे लगाए । विजय शाह के खिलाफ कार्यकर्ताओं का गुस्सा देखने लायक था । ईश्वर अल्लाह तेरे नाम भाजपा को विजय शाह को सद्बुद्धि दे भगवान, की प्रार्थना के साथ कार्यकर्ताओं ने भाजपा के खिलाफ भी अपना गुस्सा प्रदर्शित किया । शहर अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने ज्ञापन का वाचन कर महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन एडीएम महोदया शालिनी श्रीवास्तव को दिया ।

## महिला कांग्रेस ने भी जताया विरोध




बुधवार को देर शाम महिला कांग्रेस नेत्रियों ने शहर सराय स्थित शहीद चौक पर पहुंचकर विरोध जताया गया। महिलाओं ने काले गुब्बारे छोड़ कर विरोध जताया। वहीं मंत्री शाह का फोटो जलाया और विरोध जताते हुए नारेबाजी की । बुधवार को शहीद चौक पर शहर महिला कांग्रेस द्वारा मंत्री विजय शाह का 15 अगस्त को आने का विरोध जताया गया । मध्य प्रदेश शासन के द्वारा रतलाम जिले में जिला मुख्यालय पर रतलाम के प्रभारी कैबिनेट मंत्री विजय शाह के द्वारा पूर्व में भारतीय सेवा का अपमान किया गया था। इसीलिए उनके हाथों से ध्वजारोहण होना राष्ट्रीय ध्वज का अपमान होगा इसलिए महिला कांग्रेस की तरफ से यह मांग है कि जिला मुख्यालय पर कलेक्टर के द्वारा ही ध्वजारोहण किया जाए। विजय शाह ने महिला सैनिकों को भद्दी टिप्पणी कर उनका अपमान किया यह उन सभी माता,बहनों का अपमान है जिन्होंने अपने बेटे बेटियों को देश के लिए कुर्बान किया जब हम 15 अगस्त को तिरंगा फहराते हैं तो उन लाखों देशभक्तों को याद करते हैं जिन्होंने भारत को स्वतंत्र करने के लिए अपनी जान की बाजी लगा दी। ऐसे गौरवशाली दिन पर एक ऐसे व्यक्ति को बुलाना जिसने महिलाओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी की यह राष्ट्र की गरिमा को ठेस पहुंचाने जैसा है। महिला कांग्रेस इसका विरोध काली पट्टी बांधकर तथा काले गुब्बारे आसमान में छोड़ा और विजय शाह के पोस्टर जलाकर विरोध जताया। इस मौके पर थांदला विधायक वीर सिंह भूरिया, पूर्व विधायक पारस दादा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम चाहर, प्रदेश सचिव एवं कांग्रेस पार्षद यास्मीन सेरानी, कांग्रेस पार्षद आशा रावत, कांग्रेस पार्षद कविता महावर,हिना खान,रुखसाना, रश्मि महोलिया,नजमा बेलूत, रेखा सोलंकी, जायदा खान,आंचल सोलंकी,आरिफा कछवाया,कमलेश चौहान, मुमताज खान,आयशा कुरेशी,मोटी चाची, कविता चौहान, सारिका,कुंती जाटव, इक्का बेलूत, इकरार चौधरी,सुनील महावर, अमर सिंह शेखावत तथा अन्य कांग्रेस जन उपस्थित रहे। उक्त जानकारी रतलाम शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम चाहर ने दी।

## कारगिल चौराहे पर हुआ तिरंगा यात्रा का अभिनन्दन

**आलोट।** जिले के सभी मंडलों में हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा अभियान निरंतर जारी है। भाजपा के कार्यकर्ता मंडल एवं बूथ स्तर तक गली गली मोहल्ले मोहल्ले में तिरंगा यात्रा निकालकर देशभक्ति गीतों और नारो से चहुं ओर वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग रहें हैं। इसी क्रम में विधानसभा आलोट में नगर के प्रमुख गली मोहल्ले और मुख्य मार्ग से होती हुई तिरंगा यात्रा में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय यात्रा सह संयोजक महेश सोनी आलोट मंडल प्रभारी संगीता चारेल जिला मंत्री कालू सिंह परिहार आलोट मंडल अध्यक्ष दिलीप सिंह डोडिया जोगणिया माता मंडल अध्यक्ष हरी सिंह यादव तथा अन्य पदाधिकारियों का विशाल भव्य अभिनन्दन गणेश मंदिर के सामने



कारगील चौराहे पर पुष्प वर्षा विशेष 21 किलो के पुष्प हार ढोल ढमाको और तिरंगा गुब्बारे वंदनवार के साथ भाजपा नैत्री एडवोकेट नीलम जितेन्द्र सिंह सोलंकी पूर्व जनपद सदस्य मित्र मंडल द्वारा अनेकों भाजपा कार्यकर्ताओं सहीत आजादी का जश्न मनाओ, सारे हिन्दुस्तान में,घर घर में फहरा दो तिरंगा, भारत माँ की शान में उद्घोष के साथ किया गया। यात्रा तय कार्यक्रम अनुसार प्रात: 10 बजे आलोट से प्रारंभ होकर प्रमुख मार्गो से होती हुई जोगणियां माता खारवां कलां ताल बड़ावदा मंडल होते हुए जिले के अन्य मंडलो में पहुंची। सांसद अनील फिरोजिया विधायक डॉ चिंतामणी मालवीय भाजयुमो जिलाध्यक्ष विपल्व जैन पूर्व विधायक जितेन्द्र गेहलोत ने कोटी कोटी बधाई हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की तथा नगर परिषद अध्यक्ष ममता जैन प्रतिनिधि अभीषेक बंटी जैन जनपद सदस्य प्रतिनिधि कालू सिंह परिहार नगर परिषद उपाध्यक्ष महेन्द्र सिंह सोलंकी आदि मौजूद रहे।

### ग्रामीण क्षेत्र में भी नेत्रदान का बढ़ता रुझान

**रतलाम।** ग्राम बिरमावल की घेनाबाई पाटीदार के नेत्रदान से दो जरूरतमंदों को मिलेगी नई दृष्टि, रतलाम जिले में फैल रहा जागरूकता संदेश समाजसेवा की दिशा में प्रेरणादायक पहल करते हुए ग्राम बिरमावल निवासी श्रीमती घेनाबाई पाटीदार का नेत्रदान (कॉर्निया) सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस पुनीत कार्य से दो जरूरतमंदों को नई दृष्टि प्राप्त होगी, जो उनके अंधकारमय जीवन में प्रकाश लाएगी। सुरेश पाटीदार ,सुखदेव पाटीदार, ने की। उन्होंने घेनाबाई पाटीदार के पुत्र जगदीश पाटीदार, प्रकाश पाटीदार एवं अन्य परिजनों को नेत्रदान के लिए प्रेरित किया। परिजनों की सहमति के बाद, नेत्रम संस्था के माध्यम से पूरी प्रक्रिया संपन्न हुई।



### प्रस्फुटन समिति ने निकाली तिरंगा रैली

**रतलाम।** नगर विकास प्रस्फुटन समिति वार्ड क्रमांक 7 अलकापुरी के द्वारा हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान अंतर्गत तिरंगा रैली निकाली गई। रैली मे प्रस्फुटन समिति के सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ वार्ड के पार्षद प्रतिनिधि मयूर पुरोहित ने भी सहभागिता की। रैली का समापन अलकापुरी चौराहे स्थित भारत माता उद्यान पर किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक शैलेंद्रसिंह सोलंकी, नवांकुर संस्था श्रेष्ठ नवनिर्माण फाउंडेशन अध्यक्ष नरेंद्र श्रेष्ठ, वार्ड 7 के अध्यक्ष राजेश पांचाल, सदस्य दीपक माहेश्वरी ,रमेश, अविनाश भारद्वाज, नंदलाल मंडलोई सहित सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दिगंबर जैन समाज ने धूमधाम से मनाया मुनि श्री का अवतरण दिवस

**रतलाम।** स्टेशन रोड स्थित चंद्र प्रभु मंदिर पर प्रात: शांति धारा, पाद प्रक्षालन व अभिषेक बुधवार को किया गया, तत्पश्चात मुनि श्री के अवतरण दिवस के दिन पूजन पश्चात मंदिर से बैंड बाजा के साथ महाराष्ट्र धर्मशाला लाया गया। परम पूज्य गुरुदेव विशुद्ध सागर जी मसा. के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित किया गया। तथा मसा. के परिवार का बहुमन किया गया। महिला मंडल द्वारा भक्ति पूर्वक गुरु वंदना की प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात युवा महिला एवं पुरुष वर्ग द्वारा श्रीफल भेंट किया गया साथ ही दशलक्षण महापर्व 2025 के पत्रक का विमोचन किया गया। जिसमें 28 अगस्त से कार्यक्रम आयोजित होकर 8 सितंबर को समापन किया जाएगा। मंगल प्रवचन में श्री 108 मुनि सद्भाव सागरजी मासा ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाहर से जितने भी आए हैं। यह जन्म महोत्सव मनाने के लिए नहीं आए हैं यह धर्म जागरण करने के लिए आए हैं। कोई ना भी कहे तब भी वह झुक जाता है दंडवत, अपना शीश झुका लेता है यह इस बात का प्रतीक है कि हमारी संतानों ने गुरु के चरणों में झुकना सिखा है यह इस बात का प्रतीक है कि आज गुरु चरणों में झुके हैं कि कल वे ही साधु बनेंगे और दुनिया उनके चरणों में झुकेगी। इसीलिए बच्चों को संस्कारवान बनाना चाहिए। जब विराट सागर जी महाराज साहब छुल्लक जी को पढा रहे थे तो पंडित जी आकर के बोले कि क्या तुम छुल्लक जी के प्रति इतना टाइम कर रहे हो,हमारे साथ में तंत्र चर्चा कीजिए। तब तब गुरुवर ने कहा कि आज तुम्हें यह छोटे से छूल्लक जी दिख रहे हैं आगे जाकर के यही लाखों ज्ञानी बना देगा। वे छुल्लक जी आगे जाकर के विशुद्ध सागर जी बने। इससे यह सीख मिलती है कि जहां से भी ज्ञान मिले वहां से ज्ञान लेना चाहिए जहां से भी सीख मिले अच्छी सीख लेना चाहिए।

## तिरंगा रैली के माध्यम से ले राष्ट्र भक्ति का संकल्प : मंत्री काश्यप

**रतलाम।** स्वाधीनता दिवस के उपलक्ष्य में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार शाम रतलाम में विशाल तिरंगा रैली निकाली। रैली का नेतृत्व कैबिनेट

**प्रधानमंत्रीजी के आह्वान को घर-घर पहुंचाया :भाजपा जिलाध्यक्ष**

मंत्री चेतन्य काश्यप एवं भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय और जिला प्रभारी प्रदीप पाण्डेय ने किया।

श्री काश्यप, श्री उपाध्याय एवं श्री पाण्डेय खुली जीप में सवार रहे। जीप में तिरंगा यात्रा जिला टोली प्रभारी निर्मल कटारिया, महेश सोनी, विप्लव जैन, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा एवं भाजपा मंडलों के अध्यक्ष सोना शर्मा, मयूर पुरोहित, निलेश गांधी, आदित्य डागा एवं नंदकिशोर पंवार भी सवार रहे। देश प्रेम का जज्बा लिए रैली में भाजपा कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा थामे निकले। एक खुली




जीप में भारतमाता के प्रतीक के रूप में भाजपा नैत्री भावना गुर्जर और झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के प्रतीक के रूप में प्रीतिबाला मंडलोई भी शामिल हुई।

रैली का शुभारंभ अलकापुरी चौराहा स्थित भारतमाता के प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इसके बाद रैली सैलाना रोड़, पावर हाउस रोड़, दो बत्ती, न्यू रोड़, लोकेन्द्र टॉकिज, जेल रोड़, कॉलेज रोड़, नाहरपुरा, डालूमोदी बाजार, माणकचौक, घास बाजार, चौमुखीपुल, चांदनीचौक, तोपखाना, गणेश देवरी, धानमंडी होते हुए शहीद चौक स्थित इंडिया गेट पहुंची। यहां भारत माता की आरती कर रैली का समापन किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि तिरंगा रैली के माध्यम से सभी राष्ट्र भक्ति का संकल्प ले। प्रधानमंत्री मोदीजी ने स्वाधीनता दिवस के पूर्व तिरंगा यात्रा का जो आह्वान किया था, भाजपा ने उसे हर जगह पहुंचाया है। पहले कारगिल विजय और अब ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने पूरी दुनिया में अपनी शक्ति का लोहा मनवाया है। यह रैली उसी शौर्य का प्रतीक है। जिला प्रभारी श्री पाण्डेय ने कहा कि तिरंगा यात्रा ने देशभर में राष्ट्र भक्ति की अलख जगाई है। स्वाधीनता दिवस पर सभी घर-घर तिरंगा फहराए और अपनी राष्ट्र भक्ति का परिचय दे। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री उपाध्याय ने कहा कि भाजपा ने आलोट से प्रारंभ हुई दो दिवसीय जिला स्तरीय तिरंगा रैली में प्रधानमंत्रीजी के आह्वान को सब जगह पहुंचाया है। उन्होंने रैली की सफलता पर मंत्री श्री काश्यप, विधायक डॉ. राजेन्द्र पाण्डे, चिंतामणि मालवीय, मथुरालाल डामर और सभी पार्टी पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया। रैली में भाजपा के प्रदेश, जिला, मंडल, मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, एमआईसी सदस्य, पार्षदगण एवं अन्य जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## कोई हमारे साथ दुर्यव्यवहार करें, हमें अपशब्द कहे तो भी हमें शांत रहना है

**जावरा ।** हमे परमात्मा की असीम कृपा से दिल दिमाग और दृष्टि तीनों मिले हुए है हमे दिल में वैराग्य रस के भाव ,अनुकम्पा और जीव दया के भाव भरना है। दिमाग के अंदर सम्यक ज्ञान भर कर मिथ्या ज्ञान को दूर करना है। उक्त उद्गार साध्वी भगवंत डॉ. अमृतरसा श्रीजी ने धर्मसभा में कहते हुए बताया की दृष्टि चार प्रकार की होती है, दूरबीन जैसी दृष्टि मतलब दूरगामी दृष्टि मतलब आगे की सोच, हमे ये सोचना है कि हम आज वर्तमान में जो वाणी व्यवहार कर रहे है उसका भविष्य में आगे जाकर क्या प्रभाव होगा। आज हम जो कर्म कर रहे है उसका भविष्य में हमे भुगतान करना पड़ेगा। अगर कोई हमारे साथ दुर्यव्यवहार करे हमे अपशब्द कहे तो भी हमे शांत रहना है। हमे उसकी प्रतिक्रिया नहीं देना है, ये सब उसके प्रति पूर्व भव में किए



गए कर्मों का फल है, जो हमे आज इस रूप में मिल रहा हे हमे कर्मों का मल्टीप्लाय नहीं करना है, नहीं तो फिर हमार उस व्यक्ति से कर्मों का रिश्ता जुड़ता ही जाएगा। जिसे हमे अगले भव में फिर चुकाना पड़ेगा। कर्म सत्ता किसी से नहीं हारती ये सिर्फ धर्म सत्ता के सामने ही पराजित होती है। हम जैसा कर्म करते हे उसे हमें ब्याज के

साथ चुकाना पड़ता हे जैसा हम दूसरों के बारे में सोचते हे वैसा ही भविष्य में हमारे साथ होता हे बबूल का बीज बोकर आम की आशा रखना मूर्खता के सिवा कुछ नहीं ,मोबाइल के किसी मेसेज या दृश्य को आप डिलीट कर सकते हे किंतु कर्म कभी डिलीट नहीं होते। 8 तपस्वी मासक्षमण तप-मीडिया प्रभारी अरविंद जेन एवं अतुल सुराणा ने बताया कि आज सिद्धि तप तपस्वियों का चंदन से विलेपन लाभार्थी पारसमल जी रितेश कुमार जी चपड़ोद के सौजन्य से हुआ। 8 तपस्वी मासक्षमण(महामृत्युंजय) तप की तपस्या कर रहे है। कल तपस्वियों को लाभार्थी सुरेशकुमार हर्षित कुमार पगारिया के सौजन्य से अक्षत से बघाया जाएगा। श्रीसंघ अध्यक्ष अजीत चत्तर एवं चातुर्मास समिति अध्यक्ष धर्मेंद्र कोलन ने श्रीसंघ के सभी महानुभावों से तपस्वियों के अनुमोदनार्थ होने वाले सभी कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में पधारने का अनुरोध किया।


